Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding fund allocation for the construction of Central school (3) buildings in Nuapada and Kalahandi district, Odisha.

श्री बसंत कुमार पंडा (**कालाहाण्डी**): माननीय सभापति महोदय, आपके आशीर्वाद से मुझे इस सेशन में पहली बार बोलने का मौका मिला, इसलिए मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूँ ।

महोदय, मेरे यहाँ नुआपाड़ा और कालाहाण्डी दोनों ही आकांक्षी जिले हैं । हायर एजुकेशन का द्वारा प्लस-टू हायर सेकेंडरी में खुलता है । नुआपड़ा, खड़ियाल और धर्मगढ़ में तीन सेन्ट्रल स्कूल्स हैं, लेकिन इन तीनों स्कूलों की बिल्डिंग अभी तक नहीं बनी है, जिसके कारण दूसरे के बिल्डिंग में बच्चों को पढ़ाया जाता है । अब प्लस-टू स्कूल खुल नहीं पा रहे हैं ।

मेरा आपके माध्यम से माननीय शिक्षा मंत्री जी से निवेदन है कि इस बजट में इन तीनों केन्द्रीय विद्यालयों के बिल्डिंग बनाने के लिए पैसा आवंटित किया जाए । वहाँ के बच्चों को हायर एजुकेशन में जाने की सुविधा प्रदान कर दी जाए । इससे मेरे क्षेत्रवासी निश्चित रूप से आनंदित होंगे ।